मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

कदम कदम पर
परिवार की तरफ से 2024
छोड़ो बीता हुआ कल, नया सफर शुरू करो,
दिल से निकली दुआएं, हर मुश्किल को आसान करो।
नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष - 11 अंक -15 मुंबई, सोमवार, दिनांक 01 से 07 जनवरी 2024 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

# साप्ताहिक समाचार पत्र 'कदम कदम पर' कैलेंडर-2024 का हुआ लोकार्पण


















**मुंबई,** भारतीय संविधान का चौथा स्तंभ कहा जाने वाला पत्रकारिता आज अपना सम्मान प्राप्त करते हुए ऊंचाईयां छू रहा है इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है।

वहीं देश में दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन के साथ साथ साप्ताहिक समाचार पत्र 'कदम कदम पर' कदम से कदम मिलाते हुए 8 वें वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में वार्षिकोत्सव के साथ कैलेंडर-2024 का विमोचन किया।जिसकी अध्यक्षता संरक्षक व अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई अध्यक्ष जे पी शर्मा ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में एस.पी. आहूजा उद्योगपति, कलेक्टर शर्मा प्रबंध निदेशक एमके इंडस्ट्रियल, पन्नालाल शर्मा प्रबंध निदेशक सेवियर इंटेलिजेंट गार्ड फोर्स, कन्हैया काकड़ जेके ब्रदर्स समाजसेवक कालबा देवी, आर आर शर्मा उद्योगपति, अशोक उमाशंकर शर्मा उद्योगपति, एडवोकेट बीएम शर्मा नोटरी, राकेश डी सेमुआ समाजसेवी, प्रसिद्धि ठाकुर समाजसेवी, डॉ शेषधर बिंद अध्यक्ष बिंद समाज विकास संघ, कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप मुंबई, चंद्रभूषण विश्वकर्मा पत्रकार जेजेवी न्यूज, नेहा सिंह तहलका 369 न्यूज, वरिष्ठ पत्रकार, कवि रवि यादव, वरिष्ठ पत्रकार स्पर्श देशाई, गंगाराम विश्वकर्मा पत्रकार, अशोक शर्मा उपाध्यक्ष वसई विरार कांग्रेस, हरिशंकर शर्मा वर्ली गांव, रामजीत वर्मा प्रोफेसर, एफ सी शर्मा न्यासी मंडल सविता समाज मुंबई, अशोक पांडे पत्रकार, वीरेंद्र शर्मा पूर्व प्रधानाध्यापक, चंद्रभूषण शर्मा नई उम्मीद फाउंडेशन अध्यक्ष, अनंत लाल शर्मा समाजसेवी, मुकेश जयनाथ शर्मा, शिवप्रसाद शर्मा, हरिशंकर शर्मा उप संपादक, नवनीश शर्मा समाजसेवी, जितेंद्र झा अभिनेता एवं अलका झा फिल्मी गीतकार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।आमंत्रित विशेष अतिथियों में जियालाल शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा नंदवंशी, हरिकेश शर्मा नंदवंशी, संतोष निरंकार शर्मा, मनोज जगदीश शर्मा, गंगेश शर्मा, जगदीश शर्मा, लोलारक शर्मा, सुरेश कमला प्रसाद शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, अनिल एस शर्मा, सुशील शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, सुधीर बद्री ठाकुर, सुशील शर्मा सऊदी अरब, कपूरचंद परिहार उपस्थित थे।कार्यक्रम का आयोजन, संयोजन कदम कदम पर के प्रधान संपादक छोटेलाल शर्मा एवं अनिल कुमार शर्मा मुख्य प्रबंध संपादक ने की।मंच का कुशल संचालन प्रबंध संपादक अनिल कुमार शर्मा ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अर्चन वंदन किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय कवि विनय शर्मा दीप एवं कवि रवि यादव, गीतकार अलका झा द्वारा सुंदर गीतों की प्रस्तुति हुई।अतिथि सम्मान पश्चात 'कदम कदम पर 2024' कैलेंडर का विमोचन किया गया।उपस्थित अतिथियों ने संपादक मंडल को उक्त सराहनीय कार्य हेतु शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी तथा अंत में प्रबंध संपादक अनिल शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## अल्का झा मशहूर अभिनेत्री का किया गया जोरदार स्वागत

**मुंबई,** फिल्म दुनिया में अपने कला के माध्यम से मशहूर अल्का झा व उनके जीवन साथी जितेंद्र झा को कदम कदम के संपादक छोटेलाल शर्मा साथ



में अनिल शर्मा प्रबंध संपादक ने जोर दार स्वागत किया अल्का झा ने 2024 कलेंडर विमोचन कार्यक्रम में पहुंचकर चार चाद लगाते हुए मिजार्पुर की मशहूर गीत भी सुनाई,भोजपुरी गीत सुनकर लोगो ने उत्साह सा छा गया। अल्का झा ने लगभग 500से ज्यादा सांग बनाया और लगभग 7भासाओ में जिसके लिए अल्का जी ने अपने गांव का नाम रोशन करते हुए पूरे देश का नाम रोशन किया है।

## 43 संदिग्धों की पहचान, 50 से अधिक छापे

# लंदन-कनाडा में उच्चायोगों व दूतावास पर हमलों को लेकर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस वर्ष ओटावा और लंदन में भारतीय उच्चायोगों और सैन फ्रांसिस्को




में महावाणिज्य दूतावास पर हमलों के पीछे संदिग्धों की पहचान करने के लिए कई छापेमारी कीं। एजेंसी ने जांच के कई नवीन तरीकों का उपयोग करते हुए इन हमलों के पीछे 43 संदिग्धों की पहचान की।

एनआईए ने इस वर्ष आतंकी नेटवर्क के विरुद्ध अपनी कार्रवाई के दौरान 68 मामले दर्ज करने के बाद एक हजार से अधिक छापे मारे और 625 आरोपितों को गिरफ्तार किया। एजेंसी ने 74 आरोपितों को सजा दिलवाकर 94.70 प्रतिशत की सजा दर भी हासिल की। एनआईए प्रवक्ता ने बताया,

उन्होंने कहा कि एनआईए ने साजिश का हिस्सा होने के संदेह में भारत में 80 से अधिक लोगों से पूछताछ की। अधिकारी ने कहा कि अर्श डाला और रिंदा सहित भारत के पांच मोस्ट वांटेड को आतंकियों के रूप में सूचीबद्ध करने के अलावा एनआईए के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने 2023 में चार आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाया।

# जयनाथ शर्मा युवा समाज सेवक का जन्म दिन धूम धाम से मनाया गया

**मुंबई,** युवा हसमुख मिजाज के राजा सभी के दिलो पर राज करने वाले जयनाथ शर्मा अध्यक्ष उत्तर पश्चिम मुम्बई अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई का जन्म दिन घाटकोपर मुंबई में बड़े धूम धाम से केक काटकर मनाया गया , वहा पर उपस्थित सभी लोगो ने जन्म दिन पर आशीर्वाद देते हुए लंबी उम्र की कामना की जेपी शर्मा अध्यक्ष,




अशोक शर्मा महामंत्री, राकेश सेमुआ कोषाध्यक्ष , अनंत लाल शर्मा कार्याध्यक्ष ने भी दी शुभकामनाए,जन्म दिन की शुभ अवसर पर अनिल शर्मा ने कहा हम अपने युवा साथियों के खुशी में सामिल होना ही मेरा मुख्य लक्ष्य है जिसके लिए हम हमेशा के लिए तत्पर है और आगे भी रहेंगे।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# बेहतर औद्योगिक संबंध

जापान की चार कार निर्माता कंपनियों का अगले पांच वर्षों में थाईलैंड में यूटिलिटी वाहनों सहित इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए 4.3 अरब डॉलर तक का निवेश करने का इरादा है। थाईलैंड दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) का दूसरा सबसे बड़ा देश है और जापान के साथ उसके काफी लंबे समय से बेहतर औद्योगिक संबंध रहे हैं। हालांकि इन दिनों थाईलैंड जापान और चीन के बीच औद्योगिक और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का रणक्षेत्र बनता दिख रहा है। चीन की बड़ी कार निर्माता कंपनियों ने इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति श्रृंखला पर अपना दबदबा बनाना शुरू कर दिया है और इनका दावा है कि वे भविष्य में थाईलैंड पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगी। इस तरह के घटनाक्रम को देखते हुए निस्संदेह जापान की तरफ से प्रतिक्रिया मिल रही है जहां कई अरसे से टोयोटा और होंडा जैसी दिग्गज वाहन कंपनियों का दबदबा रहा है।

हालांकि, भारतीय नजरिये से देखा जाए तो यह सवाल उठता है कि क्या इसी तरह के निवेश भारत के वाहन क्षेत्र में भी तेजी से और विश्वसनीय तरीके से किए जा रहे हैं। निश्चित रूप से यह तथ्य है कि भारत में कार निर्माण क्षेत्र को संघर्ष नहीं करना पड़ रहा है। यह क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है और अधिकांश वर्षों में अकेले अपने दम पर भारत के विनिर्माण उत्पादन में आधे से अधिक का योगदान देता है। ऐसे में इन बातों को ही ध्यान में रखते हुए यह सवाल उठाया जा सकता है कि क्या हाल के निवेश इस क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए पर्याप्त थे जिस क्षेत्र में अब हाइब्रिड, इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ हाइड्रोजन ईंधन-सेल वाले वाहनों की तेज वृद्धि देखे जाने की उम्मीद है।

भारत, थाईलैंड की तरह अपने भू-राजनीतिक कारणों से चीन की वाहन कंपनियों से बड़े निवेश की उम्मीद नहीं कर सकता है। लेकिन कम से कम इसके मजबूत ऐतिहासिक संबंध जापान के वाहन क्षेत्र के साथ हैं। इन्हीं संबंधों की वजह से भारत में पैसा लगाने के बारे में सोचते वक्त संभावित विदेशी निवेशक सहज महसूस कर सकते हैं। अकादमिक शोध में इस क्षेत्र के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश FDI और उत्पादन वृद्धि के बीच एक बड़ा संबंध पाया गया है। वर्ष 2021-22 की आर्थिक समीक्षा में इस क्षेत्र के लिए FDI में निरंतर वृद्धि की उम्मीद जताई गई थी क्योंकि वर्ष 2021 के अप्रैल-सितंबर की अवधि के दौरान ही इस क्षेत्र में 4.9 अरब डॉलर का FDI मिला था। वर्ष 2021-22 के पूरे वर्ष के दौरान FDI 7 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया लेकिन फिर वर्ष 2022-23 में इसमें तेज गिरावट देखी गई और यह 1.9 अरब डॉलर के स्तर पर सिमट गया। हालांकि यह भी कोई कम संख्या नहीं है, लेकिन यह भारत की वास्तविक क्षमता को नहीं दर्शाती है। इस क्षेत्र के लिए भारत की औद्योगिक नीति काफी हद तक बड़ी कंपनियों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) पर केंद्रित रही है। वर्ष 2021 में ही वाहन पीएलआई की अधिसूचना दी गई थी, लेकिन अभी तक इसका कोई वितरण नहीं किया गया है। इस योजना के 67 आवेदकों में से केवल दो कंपनियां ही सब्सिडी की पात्रता प्रक्रिया पूरा करने में सफल रही हैं जो विदेशी कंपनियां नहीं बल्कि भारतीय कंपनियां हैं।

# मुन्दीपुर ग्राम पंचायत में स्वास्थ परीक्षण, पुस्तक विमोचन कम्बल वितरण का समारोह संपन्न हुआ

**सीखड,** संवाद विकास खण्ड अन्तर्गत मुन्दीपुर ग्राम पंचायत में स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में स्व० पंडित निधि नारायण मिश्र के 27 वीं पुण्य तिथि पर निःशुल्क नेत्र शिविर, स्वास्थ परीक्षण तथा सुन्दर काण्ड का संगीतमय पाठ संपन्न हुआ हुआ।

नेत्र शिविर एवं प्राथमिक स्वास्थ विभाग सीखड़ के डाक्टर बी बी सिंह उर्फ काशी के कुशल नेतृत्व में डाक्टर पवन पांडेय, एनम सबिता सिंह,मिलन तिपाठी अपने सभी सहयोगी साथियों के साथ आए। लोगों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। निःशुल्क चश्मा व दवाइयां वितरित की गयी।

राजेश मिश्र ज्योती द्वारा लिखित पुस्तक इतिहास अपनों का विमोचन हुआ। क्षेत्र के लगभग 385 जरुरत मंदों को कम्बल वितरण किया गया तथा हजारों लोगों को भण्डारे के माध्यम से प्रसाद ग्रहण कराया गया कार्यक्रम का संचालन राजेश मिश्र ने किया कार्यक्रम में आए अतिथियों का इंजीनियर हौसला प्रसाद मिश्र डाक्टर आशुतोष मिश्र ने अंगवस्त्र डायरी कैलेंडर, और पुस्तक देकर सम्मानित किया ।




एडवोकेट सुनील मिश्रा,हिमांशु पाण्डेय, सच्चिदानंद त्रिपाठी, प्रभुनाथ मिश्र, सुरेन्द्र मिश्र, लक्ष्मीकांत मिश्र, सतीश मिश्र श्रीकांत मिश्र

कार्यक्रम में डॉक्टर अभिषेक मिश्र, एडवोकेट रुपेश कुमार पांडेय,अनुभव मिश्र, हरिकेश त्रिपाठी, अमित सिंह, जगदीश मिश्र, सहित क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित रहे।अंत में आयोजक इंजीनियर हौसला प्रसाद मिश्र ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एक नए साल के स्वागत को हम तैयार खड़े हैं, पर क्या हम बीते वर्षों में अपनी नादानियों का प्रायश्चित भी करेंगे...!

किसी व्यक्ति जाति या समूह को दुख पहुँचाना मेरा मकसद नहीं। सोचों हमने इतने सालों में किया क्या...??

हमने वातावरण को इतना विषाक्त कर दिया है कि सांसों के साथ जहर ले रहें है...?

पानी बोतल में खरीद कर पीने को मजबूर हैं..??

दूध, सब्जी,तेल,अनाज कुछ भी तो शुद्ध सुरक्षित नहीं...??

अस्पतालों में मरीजों की लगी लाइन,हार्ट अटैक से असमय काल के गाल में समाता बचपन...

कौन जिम्मेदार है इसका....??

सरकार या जनता...

विवेकानंद जी ने कहा था कि ''शिक्षा पर एक वर्ग का अधिकार भारत की गुलामी का मुख्य कारण था'' ये उनका शोध का विषय और निष्कर्ष था।

क्योंकि शिक्षित व्यक्ति,समाज और समूह कभी किसी भी शक्ति का भले वो कितनी बड़ी ताकतवर क्यों न हो, गुलाम बन के रह ही नहीं सकता। आज सभी राजनैतिक दल देश को गंवार बनाए रखना चाहते हैं। वे शैक्षिक संस्थानों से विदेशों के लिए अच्छे नौकर तो पैदा कर रहें हैं, पर उनको अच्छे भारतीय नागरिक नही बना पा रहें है ताकि वे भारत के समाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व्यवस्था के साथ पर्यावरण को भारतीय नागरिकों के अनुकूल बना सकें...

''सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर जनता के संपति के मौलिक अधिकार को खत्म कर दिया लेकिन शिक्षा,चिकित्सा,सुरक्षा जनता का जन्मसिद्ध मूल मानवीय अधिकार है,और जनता इसे ले के रहेंगी।''

जनता को ज्यादा दिन मूर्ख बनाकर नहीं रखा जा सकता है।

उम्मीद है आने वाले सालों में जनता जागरूक बनेगी और ''जनता की सरकार'' बनाएगी...

भूख की आग ...
सबको जलाती है...
सच्चाई सबसे होकर गुजरती है,
कुछ हैं जिन्हें शब्द मिल चुके हैं,
कुछ हैं जो अक्षरों के आगे अन्धे हैं,
वे हर अन्याय को चुपचाप सहते हैं,
और पेट की आग से डरते हैं....

जबकि मैं जानता हूँ कि 'इन्कार से भरी हुई एक चीख'
और 'एक समझदार चुप'
दोनों का मतलब एक है-
भविष्य गढ़ने में ,'चुप' और 'चीख'
अपनी-अपनी जगह एक ही किस्म से अपना-अपना फर्ज अदा करते हैं...

**- धूमिल**

**बाबा भानू भारतीय**

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भास्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

## अशोक शर्मा महामंत्री अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई ने कैलेंडर विमोचन पर किया संबोधन




**मुंबई,**अशोक शर्मा महामंत्री अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई ने कदम कदम पर हिंदी समाचार पत्र द्वारा आयोजित कैलेंडर विमोचन समारोह में आए हुए अतिथियों को भाई चारा और एकता बनाने पर किया समोधन और अनिल शर्मा, छोटेलाल शर्मा को 8 वी कलेंडर विमोचन की दी शुभकामनाएं।

# विश्व हिन्दू परिषद द्वारा निकाला गया पूजित अक्षत कलश यात्रा



**सीखड,** संवाद शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद सिखड़ की तरफ से दिव्य और भव्य श्री राम जन्मभूमि पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई यात्रा पाहो बाजार से प्रारम्भ होकर खैरा, मंगरहा, मूंदीपुर होते हुए अदलपुरा बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मन्दिर पर समापन हुआ। यात्रा के बीच में आम जन मानस द्वारा प्रभु श्री राम की भव्य आरती की गई यात्रा की अगुवाई सह अभियान प्रमुख प्रकाश चंद्र ने की साथ में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष मनोज जी, जिला कार्यवाह राम बालक , जिले के अभियान प्रमुख आशीष पाठक, जिला बाल कार्य प्रमुख विश्वजीत, महेंद्र प्रसाद मिश्र,पारस सिंह,प्रमोद पांडेय, गणेश सिंह, डबलू मिश्रा, अंकीत, लोकेश पांडेय सहित भगवान श्री राम के भक्त प्रेमी सैकड़ों कार्यकर्ता, ग्रामीण जनता उपस्थिति रही।



# भा.ना.क.वि.से.स.संस्था द्वारा 2023मे किया गया सामाजिक कार्य...... - मुन्ना लाल शर्मा

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.संस्था का मैं एक कार्यकर्ता हूं।मुझे खुशी होती है कि संस्था का बागडोर दिनेश चंद्र शर्मा संस्था अध्यक्ष के हाथो में है। जो निश्वार्थ भाव से समाज सेवा में समर्पित रहते हैं।संगठन को मजबूत बनाने के लिए संस्था का हर पदाधिकारी कंधे से कंधे मिलाकर चलने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।संस्था एक विशिष्ट उद्देश्य,लक्ष्य के लिए काम करती है।जो आमतौर पर अपने सदस्यों,उनके परिवारों और समाज के लाभ के लिए कार्य किया जाता है। 2023मे हमारा संगठन अपने उद्देश्य को पूरा करने में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है जो प्रशंसनीय है।1.राजनीतिक तिरस्कार,सामाजिक अपमान,आर्थिक कंगाली झेल रही भारत के नाई समाज के हक अधिकार के लिए एक जुट होकर संघर्ष करने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है।2.जगह जगह रक्तदान शिविर लगवाकर ब्लड बैंक जमा करके जरूरत मंद लोगो कि मदद व सहायता करने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है।जिसमे प्रथम रक्तदान शिविर दिनांक25जून23को श्री राम मेमोरियल ब्लड एण्ड कंपोनेंट सेंटर मछलीशहर में 15यूनिट, द्वितीय रक्तदान शिविर दिनांक12दिसंबर23को श्री राम मेमोरियल ब्लड एण्ड कंपोनेंट सेंटर मछलीशहर में 21यूनिट,तृतीय रक्तदान शिविर दिनांक21दिसंबर23को स्वामी विवेकानंद चैरिटेबल ब्लड सेन्टर भदोही में 30यूनिट ब्लड संस्था द्वारा दिया गया।3.जननायक कपूर्री ठाकुर जी के मूर्ति स्थापित करने हेतु संस्था कार्यालय समसपुर,खपरहा मे संस्था द्वारा चबूतरा का




निर्माण किया गया।4.समाज के बहन बेटियों की शादी में सहयोग करने का कार्य संस्था द्वारा किया गया।5. दीन दुखियों का दैविक आपदाओं में सहयोग हमारी संस्था द्वारा किया गया।6. समाज के लोगो के सुख दुख में पहुंचकर उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य संस्था द्वारा किया गया।7. जननायक कपूर्री ठाकुर जयंती समारोह प्रति वर्ष 24जनवरी को संस्था द्वारा मनाया जाता है।8. समाज के बच्चो को प्रतिभा सम्मान समारोह द्वारा सम्मानित संस्था द्वारा किया जाता है।9.समाज के बच्चो को उच्च शिक्षा के लिए जागरूक करने व गरीब बच्चो का सहयोग करने का कार्य संस्था द्वारा किया गया।10. लखनीपुर हत्या कांड में डी एम जौनपुर कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करके 6मुजरिमों को गिरफ्तार करवा कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कार्य संस्था द्वारा किया गया।11.नेहा हत्याकांड में भदोही जाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कार्य संस्था द्वारा किया गया।12.मिजार्पुर मे समाज के युवक के हत्याकांड में डी एम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करके पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कार्य संस्था द्वारा किया गया।13.सुरेश कुमार योद्धा उन्नाव के हत्यारों के गिरफ्तारी को लेकर संस्था द्वारा 5सितंबर23को लखनऊ के इको गार्डेन में संस्था द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।14.पंडोखर सरकार धाम के पाखंडी साधू जनपद दतिया मध्यप्रदेश मे सार्वजनिक मंच से नाई समाज पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में संस्था द्वारा लखनऊ में पाखंडी साधू के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया।

मेरा लिखने का उद्देश्य यह है कि आप सब संगठन से जुड़े।क्यों की समाज एक टीम होती है जिसमे हर कोई अपने अंश का हिस्सा होता है हम सब एक दूसरे का सहयोग करें अपने कर्तव्य का पालन करते हुए समाज को बेहतर बनाने मे संगठन का सहयोग करें।हैपी न्यू ईयर।धन्यवाद

**- मुन्ना लाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष**

# एडवोकेट व नोटरी बी. एम शर्मा ने नव वर्ष 2024 की दी शुभकामनाए



**मुंबई ,** एडवोकेट व नोटरी बी. एम शर्मा ने नव वर्ष 2024 की सभी देश वासियों को दी शुभकामनाए और 2024 कदम कदम पर समाचार पत्र द्वारा आयोजित कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में पहुंचकर दी शुभकामनाएं। कार्यक्रम के आयोजक छोटेलाल शर्मा, अनिल शर्मा को मनोबल बढ़ाने के लिए उज्वल भविष्य की कामनाएं।



बहुत बहुत धन्यवाद एवम आभार बड़े भाई माननीय अनिल जी साथ मे हरिशंकर (मुन्ना) जी और कदम कदम पर के समस्त पदाधिकारीयो का और आप सभी को नूतन वर्ष कि ढेर सारी शुभकामनाएं।।



।। सुरेन्द्र शर्मा नन्द वंशी।।।।

**आल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जिला अध्यक्ष जौनपुर के तरफ से सभी देशवासियों को नये वर्ष 2024 की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई....**

# एफ. सी शर्मा न्यासी मंडल सविता महासंघ मुंबई ने दी कलेंडर विमोचन की शुभकामनाये

**मुंबई,** समाज के प्रहरी समाज को एक सूत्र में बाधने वाले एवम समाज को हमेशा जगाने वाले एफ. सी शर्मा न्यासी मंडल सविता महासंघ मुंबई ने कल दिनांक 31दिसंबर को घाटकोपर में विशिष्ठ अतिथि के रूप में सहभागी होकर कदम कदम पर समाचार पत्र द्वारा आयोजित 8वा कलेंडर विमोचन का किया 2024 कलेंडर का विमोचन और कदम कदम पर परिवार व पूरी टीम को दी शुभकामनायें और अपना विचार रखते हुए एफ . सी शर्मा ने कहा कि साप्ताहिक समाचार पत्र को दैनिक में करना है जिसके लिए हम लोग तन मन धन से पूरा का पूरा सहयोग करेगे ईसके लिए कदम कदम पर के संपादक ने जताया आभार। अनिल शर्मा ने भी जताया आभार और कहा



अपने के सहयोग के बिना कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो सकता इसके लिए हमे पूर्ण विश्वास ही हमेसा अपनो का सहयोग ऐसे ही मिलता रहेगा।

## सामाजिक योध्या घनश्याम शर्मा के जन्म दिन पर अनिल शर्मा मुंबई से दी शुभकामनाए

**मुंबई,** हम सबके चहेते प्रेरणाश्रोत समाज को जगाने वाले हम सबके सुख दुःख में साथ देने वाले सामाजिक योध्या ऐसे बड़े भईया परम आदरणीय प्रतिष्ठित सम्मानित माननीय



श्रीमान घनश्याम शर्मा जी को पूरे देश के लोगो ने दी शुभकामनाएं ! घनश्याम शर्मा ने अपने चाहने वालो को हृदय से जताया आभार , अनिल शर्मा ने मुंबई महाराष्ट्र से घनश्याम शर्मा को दी शुभाकमानायें.



नई उम्मीद फाउंडेशन के राष्ट्रिय संरक्षक माननीय श्री शैलेंद्र शर्मा जी द्वारा सम्मान पत्र नियुक्ति पत्र सपथ पत्र दिल्ली टीम को दिया गया साथ ही में कुछ जरूरत मंद लोगों को खाद्य सामग्री राष्ट्रीय संरक्षक द्वारा वितरण किया गया।




यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com